दुबई सप्लाई अथॉरिटी (DUSUP) वेबसाइट:
http://dusup.ae

# हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन (गैस और ईंधन) के आसपास काम करना



हाई प्रेशर प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम ऑयल ट्रांसमिशन की भूमिगत पाइपलाइनें आपके काम में या काम के निकट मौजूद हो सकती हैं। ये पाइपलाइनें 960 PSI (66 Bar) तक के दबाव पर संचालित होती हैं और पाइपलाइन में किसी भी तरह की क्षति, आपको तथा आपके समुदाय, दोनों को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है।

पाइपलाइनों को थर्ड पार्टी से क्षति होने से थर्ड पार्टी की सबसे स्पष्ट और दुर्भाग्यपूर्ण कीमत उनके चोट लगने या मृत्यु होने के रूप में हो सकती हैं।.



# दुबई सप्लाई अथॉरटी (DUSUP) का व्यवसाय

दुबई सप्लाई अथॉरटी (DUSUP) अपने पाइपलाइन नेटवर्क के द्वारा दुबई अमीरात को ऊर्जासप्लाई (प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति प्रदान करता है और दुबई के भीतर DUSUP, ENOC ग्रूप, EMDAD और डॉल्फ़िन एनर्जी के हाइड्रोकार्बन पाइपलाइनों के लिए एनओसी प्रबंधित करता है। नो ओब्जेक्शन सर्टिफ़िकेट दुबई सरकार क़े e-NOC प्रणाली मे ज़मा करना है जिसका प्रबंधन रोड्ज़ और ट्रांस्पोर्ट प्राधिकरण (RTA) करता है। https://noc.rta.ae/RTAeNOC.


दुबई सप्लाई अथॉरिटी (DUSUP) एनओसी सिस्टम के तहत कवर की गई गैस और फ़्यूल (हाइड्रोकार्बन) की पाइपलाइनें दुबई के निम्नलिखित उपक्रमों को फ़्यूल (ईंधन) प्रदान करती हैं:

1. बिजली और जल उत्पादन
2. उद्योग
3. दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा



# DUSUP एनओसी

दुबई सप्लाई अथॉरटी (DUSUP) **अनापत्ति प्रमाणपत्र** (एनओसी), गैस और फ़्यूल पाइपलाइनों/ सुविधाओं के पास गतिविधियों की निगरानी करने और उस पर नियंत्रण रखने की एक प्रणाली है।




बिना एनओसी के पाइपलाइनों के 60 मीटर या पाइपलाइन कॉरिडोर से 60 मीटर, जो भी अधिक हो, के भीतर कोई काम नहीं किया जाना चाहिए।

DEWA पॉवर स्टेशन और EGA (दुबई) बाउंड्री फेंस के भीतर: दुबई सप्लाई अथॉरटी की पाइपलाइनों के 10 मीटर के भीतर DUSUP एनओसी आवश्यक है।

ऑन-साइट पाइपलाइन प्रतिनिधि (DUSUP पाइपलाइन विभाग के कर्मचारी) के बिना पाइपलाइन के 10 मीटर के भीतर कोई काम नहीं करना है।

पाइपलाइन के किनारे से पांच (5) मीटर के भीतर केवल हाथ के फावड़े से खुदाई करनी है। पिकैक्स, पावर से संचालित खुदाई उपकरण या मशीनों की अनुमति नहीं है।

# पाइपलाइन की गश्ती करना

दुबई सप्लाई अथॉरटी (DUSUP) प्रत्येक पाइपलाइन मार्ग पर दिन में दो बार और रात में दो बार गश्त लगाता है, ताकि किसी भी अनधिकृत गतिविधियां जैसे की धंसाव, भू-क्षरण या अन्य मुद्दों का पता लगाया जा सके जो पाइपलाइनों के सुरक्षित संचालन को प्रभावित कर सकती हैं।




दुबई सप्लाई अथॉरटी (DUSUP) कॉरिडोर के भीतर काम करने वाले ठेकेदारों की सहायता के लिए पेट्रोलिंग टीम मौजूद है, और अगर पेट्रोलिंग टीम को लगता है कि किया जा रहा काम असुरक्षित है तो वे काम बंद करवा सकते हैं।

# पाइपलाइन मार्कर (निशान)

दुबई सप्लाई अथॉरटी (DUSUP) पाइपलाइन के चेतावनी संकेत और निशान सटीक स्थानों का संकेत नहीं देते हैं बल्कि अनुमानित संकेत देते है। पाइपलाइन के चेतावनी संकेत और निशान पाइपलाइन के किलोमीटर प्वाइंट का स्थान एवम किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या समस्याओं को सूचित करने के लिए एक आपातकालीन संपर्क नंबर (04-880 1867) प्रदान करते हैं।

पाइपलाइन के चेतावनी संकेत 250 मीटर के अंतराल पर पाइपलाइन उपटत के समीप स्थापित रहते हैं जैसे – KP 10+500 आदि।

पाइपलाइन मार्कर (चिन्ह या निशान), पाइपलाइन चेतावनी संकेतों के बीच पाइपलाइन उपटत के बीच में होते हैं, यानि हर 125 मीटर पर।




DUSUP चेतावनी संकेत




DUSUP पाइपलाइन मार्कर

# DUSUP संकेत, सीपी पोस्ट और निकास पाइप

ठेकेदार का खुद को दुबई सप्लाई अथॉरटी (DUSUP) पाइपलाइन नेटवर्क के आसपास लगे चेतावनी संकेत, सीपी टेस्ट पोस्ट और निकास पाइप से परिचित कराना अनिवार्य है।







**DUSUP चेतावनी संकेत**




सीपी टेस्ट पोस्ट




निकास पाइप संकेत

# EPPCO/ENOC & EMDAD चेतावनी संकेत

ठेकेदार का खुद को अन्य पाइपलाइन मालिकों के चेतावनी के संकेतों से परिचित कराना भी अनिवार्य है।




EPPCO / ENOC उपटत और चेतावनी संकेत




EMDAD उपटत और चेतावनी संकेत

# DOLPHIN ENERGY चेतावनी संकेत






# पाइपलाइन उपटत

भूमिगत पाइपलाइनों के लिए पाइपलाइन उपटत एक मुख्य सुरक्षा है लेकिन पाइपलाइनें उपटत के हम्प के भीतर हो सकती हैं।

पाइपलाइन उपटत के पास काम करते समय DUSUP से सलाह लें। ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन के उपटत को किसी भी तरह की हानी पहोंचती है तो उसके के बारे में दुबई सप्लाई अथॉरिटी (DUSUP) को विस्तृत जानकारी दी जानी चाहिए और ठेकेदार द्वारा उस हानी की तुरंत मरम्मत की जानी चाहिए।




# ओपन कट द्वारा यूटिलिटी क्रॉसिंग

केबल, पानी और अन्य उपयोगिताओं को मौजूदा हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन के ऊपर या नीचे से गुजरना होगा और मौजूदा हाइड्रोकार्बन पाइपलाइन और नई पाइपलाइन के किनारों के बीच न्यूनतम एक मीटर का अंतर होना अनिवार्य है।

स्वीकृत कंक्रीट स्लैब को मौजूदा पाइपलाइन और प्रस्तावित पाइपलाइन के बीच प्रदान किया जाना चाहिए।

इस क्रॉसिंग एलिवेशन को पाइपलाइन कॉरिडोर की समस्त चौड़ाई में बनाए रखा जाना चाहिए।





**दुबई सप्लाई अथॉरटी (DUSUP) पाइपलाइन के नीचे पानी की पाइप लाइन क्रॉस करती हुई - सांकेतिक चित्र**

# ट्रेंचलेस मेथड द्वारा यूटिलिटी क्रॉसिंग


एक मीटर तक के पाइपलाइन व्यास के लिए न्यूनतम 2 मीटर और एक मीटर से अधिक पाइपलाइन व्यास के लिए स्लीव का दो गुना तक पृथक्करण होना चाहिए।

एचडीडी क्रॉसिंग के लिए, दूरी को एचसी पाइप के नीचे से लेकर अधिकतम आकार के रीमर के मुकुट तक मापा जाएगा।


एचडीडी क्रॉसिंग के लिए ऑब्जर्वेशन पिट्स या शीट पाइलिंग की आवश्यकता होगी। यूटिलिटी क्रॉसिंग के लिए अतिरिक्त विवरण DUSUP दिशानिर्देश (DP-OPSON-0158) में पढ़ा जा सकता है।



Approved crossing elevation must be maintained across the entire width of pipeline corridor at min. 4.5m depth from lowest point of corridor to avoid conflict with any future pipelines.



अवलोकन पिट



शीट पाइलिंग


# रोड क्रॉसिंग/पाइपलाइन के समानांतर

जहां पर कोई सड़क-मार्ग किसी पाइपलाइन को क्रॉस करता है, वहां पर DUSUP द्वारा अनुमोदित सुरक्षा डिजाइन के अनुसार पाइपलाइन को संरक्षित किया जाना चाहिए। पाइपलाइन सुरक्षा रोड शोल्डर के किनारे (या तटबंध के आगे के सिरे, जो भी अधिक हो) से आगे अवश्य होना चाहिए जो कि इस प्रकार है:-

- सीधी सड़क पर और 1:3 या कम के तटबंध के साथ - 10 मीटर।
- गोलाकार मार्ग, घुमावदार सड़क, 1:3 या ज्यादा के तटबंध के साथ उठे हुए रास्ते या पूल का क्रॉसिंग - 20 मीटर।

मौजूदा पाइपलाइनें, जो रोड किनारे से 10 मीटर की समानांतर दूरी के भीतर हैं, उन्हें DUSUP द्वारा अनुमोदित सुरक्षा स्लैब से संरक्षित किया जाना चाहिए।

सड़क के किनारे दुर्घटना सुरक्षा (क्रैश प्रोटेक्शन) को रोड क्रॉसिंग के 20 मीटर की पहुंच और सड़क क्रॉसिंग के 8 मीटर लीविंग साइड में अवश्य प्रदान किया जाना चाहिए।.



# खुदाई – खाई से सुरक्षा

शोरिंग, स्लोपिंग या स्टेप कटिंग (बेंचिंग) 1.2 मीटर से अधिक गहरी खुदाई के लिए प्रदान किया जाना चाहिए।

यदि उत्खनन की मिट्टी के प्रकार की पुष्टि नहीं हो पाती है, तो मिट्टी को टाइप C (OSHA मानकों के अनुसार) के रूप में परिभाषित किया जाएगा और इसमें 1 ½ क्षैतिज से 1 ऊर्ध्वाधर (34 डिग्री) का ढलान / स्टेप कट होना चाहिए।

| Soil Type | Height / Depth Ratio | Slope Angle |
|---|---|---|
| Stable Rock | Vertical | $90^o$ |
| A (i.e. Clay, Silty Clay, or Sandy Clay) | ¾ : 1 | $53^o$ |
| B (i.e. Silts, Sandy Loams, Medium Clays, Unstable Rock | 1 : 1 | $45^o$ |
| C (i.e. Granular such as gravel and sand | 1 ½ : 1 | $34^o$ |


## Shoring (शोरिंग)

## Step Cutting (स्टेप कटिंग)

## Sloping (स्लोपिंग)







# दिशानिर्देश

दुबई सप्लाई अथॉरटी (DUSUP) दिशानिर्देश और वर्गीकृत मानक NOC शर्तें "सार्वजनिक" दस्तावेजों के रूप में DUSUP वेबपेज में प्रकाशित की जाती हैं जो की ठेकेदारों द्वारा उपयोग में ली जानी चाहिए। https://www.dusup.ae/noc/dusup-noc-guidelines/

# एनओसी कार्यों हेतु DUSUP से संपर्क करना

पाइपलाइन के पास किसी भी काम को करने के लिए DUSUP को चार (4) कार्यदिवसों के भीतर पहले से ही इसकी सूचना अवश्य दे देनी चाहिए।

DUSUP ROW टीम का संपर्क विवरण (24 घंटे):

☎ : (04) 802 8720 ✆: 050 910 4642

✉: WORK.NOC@dusup.ae

# हम आपकी टिप्पणियों को महत्व देते हैं

पाइपलाइन कॉरिडोर या सुविधाओं पर असामान्य गतिविधियों के बारे में किसी भी टिप्पणी के लिए, जो आपके द्वारा देखा गया, हमें सूचित करने के लिए कृपया हमसे संपर्क करें, जिसमें निम्नलिखित हो सकता है:-

- क्षेत्र में अनधिकृत पहुंच या संदिग्ध गतिविधियां
- कॉरिडोर में विलेप, भू-क्षरण, वॉशआउट
- कॉरिडोर में मिट्टी खुदाई या मिट्टी संबंधी काम
- गिरे हुए या क्षतिग्रस्त मार्कर संकेत

कृपया उपरोक्त DUSUP ROW टीम के संपर्क का विवरण देखें।

# आपातकालीन प्रतिक्रिया

पाइपलाइन कॉरिडोर के भीतर आपात स्थिति के दौरान केवल पाइपलाइन प्रतिनिधि (फोकल प्वाइंट) का ही संपर्क करना है।

साइट कर्मियों को काम शुरू करने से पहले आपातकालीन निकास मार्ग, अग्निशामक यंत्रों का स्थान, प्राथमिक उपचार करने वालों की पहचान और आपातकाल में एकत्र होने के स्थल की जानकारी होनी चाहिए।

आपातकाल में एकत्र होने का स्थल, कार्य स्थान के संदर्भ में जिस दिशा में हवा चल रही है उसकी विपरीत दिशा में स्तिथ होना चाहिए, और यह स्थल मौसम की स्थिति के आधार पर बदल सकता है।

ठेकेदार के पास एक समर्पित आपातकालीन कार्य योजना होनी चाहिए।

- आग/रिसाव आपात स्थिति के लिए:
  - फायर अलार्म को सक्रिय करें और "आग! आग! आग!" चिल्लाए और पाइपलाइन प्रतिनिधि (फोकल प्वाइंट) को सतर्क करें
  - पाइपलाइन प्रतिनिधि (फोकल प्वाइंट) को तुरंत GCS को (04) 880 1867 पर सूचित करना है
  - सभी उपकरणों को बंद करें और किसी भी संभावित प्रज्वलन को समाप्त करें।
  - काम करने के स्थान को छोड़ तुरंत आपातकाल में एकत्र होने के स्थल पर पहुंचे
- गैस रिसाव की आपात स्थिति के लिए:
  - सभी कार्य गतिविधियों को तुरंत बंद कर दें
  - पाइपलाइन प्रतिनिधि (फोकल प्वाइंट) को तुरंत GCS को (04) 880 1867 पर सूचित करना है
  - सभी उपकरणों को बंद करें और किसी भी संभावित प्रज्वलन को समाप्त करें
  - काम करने के स्थान को छोड़ तुरंत आपातकाल में एकत्र होने के स्थल पर पहुंचे
  - जब तक कहा न जाए, आपातकाल में एकत्र होने के स्थल को ना छोड़ें

# आपातकालीन संपर्क

**DUSUP गैस कंट्रोल स्टेशन (24 घंटे)**

☎: (04) 880 – 1867

विकल्प:

**DUSUP ROW नियंत्रण कक्ष (24 घंटे):**

☎ : (04) 802 8720 ✆: 050 910 4642

# याद रखें

कोई भी नौकरी इतनी महत्वपूर्ण नहीं है और कोई भी सेवा इतनी जरूरी नहीं है कि हम अपना काम सुरक्षित रूप से करने के लिए समय न निकाल सकें।

**सुरक्षा** का अर्थ है आकस्मिक अस्वीकार्य जोखिम से स्वतंत्रता सुनिश्चित करना है।

